# दो दिवसीय संगोष्ठी आयोजित



उदयपुर में मेवाड़ वागड़ के स्वतंत्रता सैनानी: व्यक्ति एवं कृतित्व' विषयक दो दिवसीय संगोष्ठी में कुलपति प्रो. एस.एस. सारंगदेवोत ने दीपक सुखाड़िया ( बायें से तीसरे ) सुमन ( बायें से दूसरे ) डॉ हेमेन्द्र चौधरी ( बायें से प्रथम ) आदि को सम्मानित किया।

■ मेवाड़ वागड़ के स्वतंत्रता सैनानी: व्यक्ति एवं कृतित्व' विषयक दो दिवसीय संगोष्ठी आयोजित

**उदयपुर,** (कासं)। आजादी का अमृत महोत्सव के तहत जनार्दनराय नागर राजस्थान विद्यापीठ डीम्ड टू बी विश्वविद्यालय के संघटक माणिक्यलाल वर्मा श्रमजीवी महाविद्यालय के अन्तर्गत संचालित इतिहास एवं संस्कृति विभाग की ओर से शुक्रवार को महाविद्यालय के सभागार में 'मेवाड़ वागड़ के स्वतंत्रता सेनानी - व्यक्तित्व एवं कृतित्व' (1857 - 1978 ई. ) विषयक पर आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी आयोजित हुई।

संगोष्ठी में मेवाड़ वागड़ के स्वतंत्रता सेनानी एवं उनके परिवार जन को पगड़ी, उपरणा, सम्मान पत्र से सम्मानित करते हुए मुख्य अतिथि कुलपति प्रो. एस.एस. सारंगदेवोत ने सदन में उपस्थित स्वतंत्रता सेनानी एवं उनके परिजन को वंदन एवं नमन करते हुए आजादी के अमृत महोत्सव के महत्व को बताते हुए कहा कि स्वतंत्रता सेनानियों के राष्ट्र प्रेम, त्याग एवं बलिदान को नवीन पीढ़ी में उन मूल्यों को स्थापित करना ही मूल मंतव्य है। वीरता की इस धरा को जापान या किसी म्यूजियम से प्रेरणा ग्रहण करने की आवश्यकता नहीं, बस आवश्यकता है हमारे इतिहास एवं सनातन संस्कृति को जीवित रखने की।

मुख्य वक्ता आईसीएचआर नई दिल्ली के निदेशक डॉ. राजेश कुमार ने प्लासी के युद्ध से 1947 में भारत की आजादी तक के दीर्घकालीन स्वतंत्रता संघर्ष पर अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि हम अभी जो इतिहास पढ़ रहे है वह समग्र इतिहास न होकर उसका एक अंश मात्र है। उन्होने आमजन की भूमिका पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आजाद हिंद फौज के सैनिकों के मनोबल बढ़ाने हेतु लिखी गई आमजन ने चिट्ठियॉ लिखी थी।

उनके लिए 1857 की क्रांति धर्म एवं मजहब से परे राष्ट्रीय एकता की अनुठी मिसाल थी। इसी प्रकार से अकबर इलाहाबादी के शेर के माध्यम से गांधीवादी आंदोलन के स्वरूप पर प्रकाश डाला। उन्होने कहा कि आईसीएचआर द्वारा स्वतंत्रता सेनानियों को जो कोश तैयार करवाया जा रहा है उसमें तीन सौ से अधिक राजस्थान के स्वतंत्रता सेनानियों को सम्मिलित किया गया है।

प्रारंभ में अतिथियों का स्वागत करते हुए आयोजन सचिव डॉ. हेमेन्द्र चौधरी ने कहा कि दक्षिण राजस्थान का यह क्षेत्र जनजातीय बाहुल्य होते हुए भी 1857 से 1947 तक यहॉ के कई स्वतंत्रता सेनानियों ने स्वतंत्रता संघर्ष में बढचढ कर भाग लिया। किन्तु उनका स्वतंत्रता सेनानी मुख्य धारा में आज भी उनका नाम नहीं आ सका है। संगोष्ठी में तीन समानांतर सत्रों में 40 पेपर का वाचर किया गया जिसमें अधिष्ठाता प्रो. सुमन पामेचा, सहायक कुल सचिव डॉ. धमेन्द्र राजौरा, प्रो. टीके माथुर, प्रो. एस.पी. व्यास, प्रो. मनोरमा उपाध्याय, प्रो. जेके ओझा, प्रो. सुशीला शक्तावत, प्रो. मीना गोड, डॉ. फारूक, प्रो. अविनाश पारीक ने अपने विचार व्यक्त किए।डॉ. हेमेन्द्र चौधरी ने बताया कि समारोह में अतिथियों द्वारा मेवाड़ वागड़ के 26 स्वतंत्रता सेनानी एवं उनके परिवारजन का पगड़ी, उपरणा, माला एवं सम्मान पत्र देकर सम्मानिक किया गया। मेवाड़ के 94 स्वतंत्रता सेनानी ललित मोहन सहित गुलाब सिंह शक्तावत के पुत्र देवेन्द्र सिंह, पूर्व मुख्यमंत्री मोहनलाल सुखाडिया के पौत्र दीपक सुखाडिया, कृष्णगोपाल शर्मा के पुत्र गोपालकृष्ण शर्मा, बलवंत सिंह मेहता के पौत्र , कनक मधुकर के पौत्र दीपक अग्रवाल, हनुमान प्रसाद प्रभाकर के पुत्र, कानमल कोठारी के पुत्र अशोक कोठारी, उदा खांट के पौत्र भगवान लाल खांट, नवली बाई कलासुआ के पौत्र भगवती लाल खांट, दयाशंकर क्षोत्रीय के पुत्र गणेश क्षोत्रीय सहित 26 सेनानियों के परिवारजन का सम्मान किया गया।

# सस्ता सोना देने के नाम पर लाखों रुपए ऐंठने वाले गिरोह का पर्दाफाश

■ राजनगर थाना पुलिस की कार्रवाई, दो आरोपी गिरफ्तार

**राजसमंद,** (निसं)। लोगों को सस्ता सोने देने के नाम पर लोगों से लाखों रुपये ऐंठने वाले गिरोह का पर्दाफाश करते हुए राजनगर थाना पुलिस ने गिरोह के दो लोगों को गिरफ्तार किया है।

राजनगर थानाधिकारी डॉ. हनवंतसिंह राजपुरोहित ने बताया कि मामले में हनुमानसिंह सोलंकी (55) पुत्र शिवसिंह सोलंकी निवासी मकान नं. 54 राजीव गांधी कॉलोनी, पुलिस लाईन के सामने थाना औधोगिक क्षेत्र शहर पाली जिला पाली एवं महावीसिंह (50) पुत्र खीमसिंह राठौड निवासी 26० सोसायटी नगर थाना औद्योगिक क्षेत्र जिला पाली को गिरफ्तार किया गया है। थानाधिकारी डॉ. राजपुरोहित ने बताया कि 5 नवम्बर को पीडित चुन्नीलाल पुत्र डालू सालवी निवासी विरवास आमेट हाल सनवाड राजनगर ने विरुद्ध हनुमानसिह भाटी पुत्र शिवसिह भाटी निवासी पाली ने रिपोर्ट पेश की। जिसमें आरोपी हनुमानसिंह ने चुन्नीलाल को सस्ती कीमत पर सोना बेचने का हवाला देते हुए सोना खरीदने के लिए कहा। इस पर पीडित चुन्नीलाल व उसके मित्र राजकुमार मेघवाल निवासी नार का मगरा उदयपुर ने आपस में वार्ता कर पांच लाख रुपये में सोना खरीदना तय किया। इसके बाद 6 फरवरी 2021 को आरोपियों के बुलाने पर चुन्नीलाल एवं राजकुमार दोनों चिंतामणी का मादडी पहुंचे। जहां पर सौदा तय किया गया। इस दौरान अरारपी ने 10 लाख रुपये में शुद्ध सोने के बिस्किट देने की बात कही। इसके लिए उसने एडवांस में 5 लाख रुपये देने एवं रुपये मिलने के चार दिन बाद सोने देने और बाकी के पैसे देने और सोने ले जाने के लिए कहा। इस पर चन्नीलाल एवं राजकुमार ने हनुमानसिंह को पांच लाख रुपये नकद दे दिए। इस पर आरोपी ने 10 फरवरी को पाली उसके घर से सोना लेने की बात की। इसके बाद 10फरवरी को पीडित चुन्नीलाल व उसको दोस्त राजकुमार दोनों सौदे के बकाया रुपये लेकर सोने लाने के लिए आरोपी के घर पाली गए। जहां पर आरोपी ने अपने दो बंगले, फार्म हाउस बताते हुए कहा कि इसी सोने के काम से उसने इतनी तरक्की है।

आरोपी के ठाठ-बाठ देखकर पीडित व उसके दोस्त ने आरोपी पर भरोसा कर लिया। आरोपी ने उनसे 5 लाख रुपये लेकर अपनी कार में बैठाकर पाली से बाहर ले आया और पुलिस चैकिंग का हवाला देते हुए बाद में सोना देने की बात बाताते हुए वहां से चला गया। करीब एक महिने तक इंतजार करने के बाद आरोपी द्वारा सोना नहीं लाने पर पीडित चुन्नीलाल ने आरोपी को कई बार फोन किया। लेकिन आरोपी ने एक भी बार फोन नहीं उठाया। इस पर चुन्नीलाल व राजकुमार कई बार आरोपी के घर पाली गए। लेकिन आरोपी वहां नहीं मिलता और घर की औरतें आरोपी के बाहर जाने की होने बाताते हुए टाल देती। इसके बाद आरोपी हनुमानसिंह सोना देने से मना करते हुए दोबारा पाली आने पर हाथ-पैर तुडवाने की धमकियां देने लगा। आरोपी ने पूरे भारत में सोना बेचने की ठगी करने का हवाला देते हुए पीडित द्वारा कार्यवाही कराने पर अपनी गैंग से पूरे परिवार को उठवाकर गायब कराने की धमकियां देने लगा। आरोपी ने पीडित चुन्नीलाल से सस्ते में सोना बेचने का हवाला देते हुए कुल 10लाख रुपये ऐंठ लिए। पुलिस ने मामला दर्ज कर एसपी सुधीर चौधरी, एएसपी शिवलाल बैरवा, डीएसपी बेनीप्रसाद मीणा के निर्देशन में थानाधिकारी डॉ. राहपुरोहित के नेतृत्व में उपनिरीक्षक गौतमलाल, हेडकोंस्टेबल किशोरसिंह, कोंस्टेबल पप्पाराम, दिनेशचन्द्र की टीम का गठन कर जगह-जगह दबिश देकर आरोपी हनुमानसिंह सोलंकी एवं महावीसिंह को डिटेन कर बाद पूछताछ गिरफ्तार किए गए।

थानाधिकारी डॉ. हनवंतसिंह राजपुरोहित ने बताया कि आरोपी काफी शातिर और बदमाश प्रवृत्ति के है। आरोपी हनुमानसिंह के खिलाफ शराब तस्करी एवं धोखाधडी सहित कुल 6 मामले दर्ज है। उन्होंने बताया कि आरोपी अपने शौक मोज पुरे करने के लिए सस्ते दामों में सोना देने के नाम पर लोगों से रुपये ऐंठ लेते और अपनी पुश्तैनी सम्पत्ति को सोना बेचकर कमाई गई सम्पत्ति बताकर लोगों को झांसा में लेता था।


# GRAM PANCHAYAT OFFICE CHIKLA,

PANCHAYAT SAMITI, RISHABHADEV (UDAIPUR)

Letter No: 2022/ACCTT/578 DATE 21-11-2022

E-TENDER NOTICE

E-Tender Notice are invited for Material supply for Works. Details about Tender Specification, cost, EMD, tender Inviting and receiving dates etc. available at http://sppp.rajasthan.gov.in and http://eprocure.gov.in.

UBN NO. ZUD2223GLRC00543

SARPANCH

Gram Panchayat Chikla

P.S. RISHABHADEV, Udaipur



# GRAM PANCHAYAT BICHHIWARA

PANCHAYAT SAMITI, RISHABHADEV (UDAIPUR)

Letter No: 2022/ACCTT/45 DATE 24-11-2022

E-TENDER NOTICE

E-Tender Notice are invited for Material supply for Works. Details about Tender Specification, cost, EMD, tender Inviting and receiving dates etc. available at http://sppp.rajasthan.gov.in and http://eprocure.gov.in.

UBN NO. ZUD2223GLRC00548

SARPANCH

Gram Panchayat Bichhiwara

P.S. RISHABHADEV, Udaipur


# पोस्टर प्रदर्शनी से एड्स से बचाव का दिया संदेश



तिरुपति कॉलेज ऑफ नर्सिंग द्वारा ग्राम पंचायत लखावली में ग्रामवासियों के लिए एड्स पर जनजागरण अभियान चलाया गया।

**उदयपुर,** (कासं)। ग्राम पंचायत लखावली में शुक्रवार को पेसिफिक मेडिकल यूनिवर्सिटी के संघटक तिरुपति कॉलेज ऑफ नर्सिंग द्वारा ग्रामवासियों के लिए एड्स पर जनजागरण अभियान चलाया गया।

पेसिफिक मेडिकल यूनिवर्सिटी के चेयरपर्सन राहुल अग्रवाल एवं सीईओ शरद कोठारी ने आमजन में एड्स के प्रति व्याप्त भय को देखते हुए इस प्रकार के आयोजन की सराहना की। कार्यक्रम संयोजक प्रो. शाहिद खान ने बताया की फैकल्टी ऑफ नर्सिंग के डीन डा केसी यादव के नेतृत्व में संस्थान विभिन्न दिवसों पर जनजागरुकता अभियान चलाया रहता है जिससे आमजन में विभिन्न रोगों से बचाव हेतु समझ बढे एवम समाज निरोगी रह सके जिसकी अगली कडी में एड्स संबंधी जानकारी को आमजन तक पहुंचाने का शुरुवात ग्राम पंचायत लखावली में की गई। मुख्य अतिथि सरपंच ग्राम पंचायत लखावली मोहन लाल डांगी,उपसरपंच मनोज पालीवाल, माध्यमिक विद्यालय लखावली से रविन्द्र सिंह एवम अध्यक्षता कर रहे प्राचार्य प्रो डा सुनील जोशी ने दीप प्रज्वलन करते हुए समारोह की विधिवत शुरूआत की।

तिरुपति कॉलेज ऑफ नर्सिंग के प्राचार्य डा सुनील जोशी ने बताया की बीएससी नर्सिंग द्वितीय वर्ष के विद्यार्थियो द्वारा ये अभियान चलाया जा रहा है जिसमे रैली,नाट्य मंचन,पोस्टर प्रदर्शनी, होम विजिट एवम हस्तनिर्मित पैंफलेट के माध्यम से एड्स विकार से बचने के उपाय के बारे में विस्तृत रूप से वर्णित किया जा रहा है। एसोसिएट प्रो. संजय नागदा ने समारोह में उपस्थित सभी श्रोताओं, ग्रामवासियों व विद्यार्थियो को दी गई जानकारी को अधिक से अधिक लोगो तक साझा करने की शपथ दिलवाई।


# GRAM PANCHAYAT OFFICE DHELANA,

PANCHAYAT SAMITI, RISHABHADEV (UDAIPUR)

Letter No: 2022/ACCTT/16 DATE 21-11-2022

E-TENDER NOTICE

E-Tender Notice are invited for Material supply for Works. Details about Tender Specification, cost, EMD, tender Inviting and receiving dates etc. available at http://sppp.rajasthan.gov.in and http://eprocure.gov.in.

UBN NO. ZUD2223GLRC00541

SARPANCH

Gram Panchayat Dhelana

P.S. RISHABHADEV, Udaipur



# GRAM PANCHAYAT OFFICE BHUDHAR,

PANCHAYAT SAMITI, RISHABHADEV (UDAIPUR)

Letter No: 2022/ACCTT/48 DATE 16-11-2022

E-TENDER NOTICE

E-Tender Notice are invited for Material supply for Works. Details about Tender Specification, cost, EMD, tender Inviting and receiving dates etc. available at http://sppp.rajasthan.gov.in and http://eprocure.gov.in.

UBN NO. ZUD2223GLRC00517

SARPANCH

Gram Panchayat Bhudhar

P.S. RISHABHADEV, Udaipur


# अवैध शराब जब्त

**डूंगरपुर,** (निसं)। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा गुजरात राज्य में विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र फेज द्वितीय के लिए 5 दिसम्बर को गुजरात राज्य के महीसागर जिले में मतदान कराये जाने के मद्देनजर अवैध मदिरा निर्माण, भण्डारण, एवं परिवहन पर प्रभावी निरोधात्मक कार्यवाही कर आबकारी आयुक्त, राजस्थान कुमार पाल गौतम व अतिरिक्त आबकारी आयुक्त जोन-उदयपुर श्वेता फगेडिया के निर्देशन व जिला आबकारी अधिकारी डूंगरपुर देवेन्द्र दशोरा, आबकारी निरोधक दल बांसवाडा महिपाल सिंह व आबकारी निरीक्षक सागवाडा राहुल कुमार शर्मा के नेतृत्व में गुजरात राज्य के महीसागर कडाणा डेम के बेकवाटर में डूंगरपुर, बांसवाडा स्थित गांव गुंदलारा, काडलिया व कडाणा बेकवाटर पर स्थित टापुओं पर विशेष रेड आयोजित कर दबीश दी गई। रेड कार्यवाही के दौरान 1 सामान्य श्रेणी का अभियोग दर्ज कर 12 लीटर नाजायज हथकढ शराब जब्त करने के साथ-साथ लगभग 30,000 लीटर वॉश व 35 बन्द भट्टियां नष्ट की गई।

## राजस्थान स्टेट ओपन बोर्ड परीक्षा 5 से

**भीम,** (निसं)। राजस्थान स्टेट ओपन बोर्ड की परीक्षा आगामी 5 दिसंबर से शुरू होगी। रा.उ. मा. वि. भीम के प्रधानाचार्य विजेंद्रसिंह शेखावत ने बताया कि राजस्थान स्टेट ओपन बोर्ड पूरक परीक्षा अक्टूबर-नवंबर 2022 की कक्षा 10 एवं 12 वी बोर्ड की पूरक परीक्षाएं राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय देवगढ़ के परीक्षा केंद्र पर आयोजित होगी। परीक्षार्थी अपना प्रवेश पत्र परीक्षा प्रभारी ओम सिंह पवार एवं राजेश चौधरी से 2 दिसंबर से प्राप्त कर सकेंगे।


# GRAM PANCHAYAT OFFICE GARNALA KOTARA

PANCHAYAT SAMITI, RISHABHADEV (UDAIPUR)

Letter No: 2022/ACCTT/52 DATE 21-11-2022

E-TENDER NOTICE

E-Tender Notice are invited for Material supply for Works. Details about Tender Specification, cost, EMD, tender Inviting and receiving dates etc. available at http://sppp.rajasthan.gov.in and http://eprocure.gov.in.

UBN NO. ZUD2223GLRC00542

SARPANCH

Gram Panchayat Garnala Kotara

P.S. RISHABHADEV, Udaipur



# GRAM PANCHAYAT OFFICE BARAAN

PANCHAYAT SAMITI, GIRWA (UDAIPUR)

Letter No: 2022/ACCTT/101 DATE 25-11-2022

E-TENDER NOTICE

E-Tender Notice are invited for Material supply for Works. Details about Tender Specification, cost, EMD, tender Inviting and receiving dates etc. available at http://sppp.rajasthan.gov.in and http://eprocure.gov.in.

UBN NO. ZUD2223GLRC00558

SARPANCH

Gram Panchayat Baraan

P.S. Girwa, Udaipur



# GRAM PANCHAYAT OFFICE KAGDAR BHATIYA

PANCHAYAT SAMITI, RISHABHADEV (UDAIPUR)

Letter No: 2022/ACCTT/30 DATE 16-11-2022

E-TENDER NOTICE

E-Tender Notice are invited for Material supply for Works. Details about Tender Specification, cost, EMD, tender Inviting and receiving dates etc. available at http://sppp.rajasthan.gov.in and http://eprocure.gov.in.

UBN NO. ZUD2223GLRC00516

SARPANCH

Gram Panchayat Kagdar Bhatiya

P.S. RISHABHADEV, Udaipur


## कांस्य पदक जीता

**बांसवाड़ा,**(निसं)। जिला मुख्यालय पर स्थित अंग्रेजी माध्यम के प्रथम विद्यालय महात्मा गांधी रा.वि. खान्दूकॉलोनी की कक्षा ग्यारहवी की छात्रा हर्षिता शर्मा ने राज्य स्तरीय कराटे प्रतियोगिता में कास्य पदक पर कब्जा जमाया। प्रधानाचार्या माया सेमसन ने बताया कि हर्षिता जिला स्तरीय कराटे प्रतियोगिता में 52 किलोग्राम वर्ग में प्रथम स्थान अर्जित कर राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयनित हुई।


# GRAM PANCHAYAT OFFICE GHODI

PANCHAYAT SAMITI, RISHABHADEV (UDAIPUR)

Letter No: 2022/ACCTT/42 DATE 18-11-2022

E-TENDER NOTICE

E-Tender Notice are invited for Material supply for Works. Details about Tender Specification, cost, EMD, tender Inviting and receiving dates etc. available at http://sppp.rajasthan.gov.in and http://eprocure.gov.in.

UBN NO. ZUD2223GLRC00538

SARPANCH

Gram Panchayat Ghodi

P.S. RISHABHADEV, Udaipur



# GRAM PANCHAYAT OFFICE BACHHAR

PANCHAYAT SAMITI, GIRWA (UDAIPUR)

Letter No: 2022/ACCTT/2 DATE 22-11-2022

E-TENDER NOTICE

E-Tender Notice are invited for Material supply for Works. Details about Tender Specification, cost, EMD, tender Inviting and receiving dates etc. available at http://sppp.rajasthan.gov.in and http://eprocure.gov.in.

UBN NO. ZUD2223GLRC00555

SARPANCH

Gram Panchayat Bachhar

P.S. Girwa, Udaipur